शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर में हिन्दी कार्यशाला एवं विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का आयोजन

शुष्क वन अनुसंधान संस्थान,जोधपुर में दिनांक **26/06/2019** को "हिन्दी कार्यशाला" का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संस्थान के 14 तकनीकी अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में संस्थान के सहायक निदेशक(राजभाषा) श्री कैलाश चन्द गुप्ता ने राजभाषा नीति -निर्देशों की अद्यतन जानकारी दी। कार्यशाला में राजभाषा हिन्दी की मौजूदा सरकारी कामकाज से जुड़े पहलुओं पर जानकारी दी साथ ही तकनीकी शब्दावली के हिन्दी प्रयोग पर भी प्रकाश डाला गया। प्रतिभागियों से परस्पर संवाद किया गया जिस पर उनकी सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली। कार्यशाला में प्रतिभागियों से आह्वान किया गया कि वे मूल रूप से हिन्दी लेखन करें तथा अनुवादी हिन्दी से बचें। प्रतिभागियों को पत्राचार व टिप्पण में प्रशासनिक शब्दावली का प्रयोग तथा कामकाजी हिन्दी के प्रयोग पर भी जानकारी दी गयी। कार्यशाला में श्री अजय वशिष्ठ,कनिष्ठ अनुवादक का सहयोग रहा।

हिन्दी कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए तकनीकी अधिकारी

दिनांक **27/06/2019** को संस्थान के निदेशक श्री माना राम बालोच,भा॰व॰से॰ की अध्यक्षता में विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का आयोजन हुआ जिसमें पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि के साथ पूर्व में लिए गए निर्णयों पर समीक्षा की गयी। बैठक में जन सूचना संबंधी द्विभाषी बोर्डों तथा महत्वपूर्ण वृक्ष प्रजातियों पर हिन्दी में लघु फिल्म बनाने के संबंध में प्रगति का जायजा लिया गया। क्षेत्र ‘ख’ व ‘ग’ को लक्ष्य अनुरूप पत्राचार करने के संबंध में चर्चा हुई। बैठक में आगामी ‘हिन्दी सप्ताह’ के आयोजन पर विचार-विमर्श हुआ तथा इसमें प्रशासनिक तथा तकनीकी कामकाज को बढ़ावा देने संबंधी हिन्दी प्रतियोगिताएं सम्मिलित करने का निर्णय हुआ।

विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का दृश्य

बैठक में सदस्य सचिव ने बताया कि बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,जोधपुर के तत्वावधान में ‘प्राथमिक शिक्षा में मातृभाषा की अनिवार्यता’ विषय पर आयोजित अखिल जोधपुर स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में संस्थान की श्रीमती संगीता त्रिपाठी, स.मु.त.अधि. एवं श्री अनिल शर्मा, त.अधि. द्वारा भाग लिया गया तथा उन्हें टीम के रूप में तृतीय स्थान प्राप्त होने पर पुरस्कृत किया गया है। तिमाही बैठक में संस्थान की ओर से उन्हें बधाई दी गयी।

सहायक निदेशक(कार्या.),राजभाषा विभाग से पुरस्कार ग्रहण करती हुईं श्रीमती संगीता त्रिपाठी

सहायक निदेशक (कार्या.), राजभाषा विभाग से पुरस्कार ग्रहण करते हुए श्री अनिल शर्मा

बैंक नराकास ,जोधपुर से सम्मानित संस्थान के कार्मिक